30th, 31st August and 1st September, 1995 regarding irregularities of Laxmibai National Institute of Physical Education (LNIPE), Gwalior and malpractices of its present Dean;

(b) if so, what action has been initiated by Government in this regard so far; and

(c) whether any inquiry is being conducted and if so, the details thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPENT (DEPARTMENT OF YOUTH AFFAIRS AND SAPORTS) (SHRI MUKUL WASNIK): (a) Yes, Sir.

(b) and (c) Similar irregularities as mentioned in Jansatta had already appeared in local newspapers of Gwalior and were enquired into by Shri R.N. Chopra, a retired Chief Secretary of Madhya Pradesh. The Government is further examining the matter.

स्वर्ण खनन की औसत लागत

1996- **श्री गोपाल सिंहए जी0 सोलंकी** : क्या खनन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि देश में स्वर्ण खनन की औसत लागत कितनी हैं और सरकार को वर्ष 1994-95 के दौरान इसमें कितना घाटा हुआ हैं?

खान मंत्रालय के राज्य मंत्री (**श्री गिरिधर गमंग**) : वर्ष 1994-95 के दौरान खनित किए गए स्वर्ण अयस्क की प्रति टन औसत लागत रू0 1842 और 2233 के बीच रही। मुख्य रूप से स्वर्ण उत्पादन करने वाला केन्द्र सरकार का एकमात्र सरकारी उपक्रम भारत गोल्ड माइंस लि0 हैं जिसे वर्ष 1994-95 में 36.50 करोड़ रु0 का घाटा हुआ।

स्टील अथारिटी ऑफ इण्डिया लिमिटेड द्वारा लदाई और उतराई हेतु निविदाएं आमंत्रित किया जाना

1997. **श्री मूलचन्द मीणा** : क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क)क्या स्टील अथॉरिटी ऑफ इण्डिया लिमिटेड द्वारा लदाई और उतराई के लिए कुछ निविदाएं आमंत्रित की गई थीं और उनकी प्रति टन दरें क्या थीं:

(ख)यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या हैं;

(ग)क्या बोकारों राउकेला इस्पात संयंत्रों में लदाई और उतराई की निविदाएं निम्न उद्धृत करने वाली पार्टी को बजास ऊंची दरें उद्धृत करने वाली पार्टी को दी गयी हैं;

(घ)यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं और क्या सरकार को इस संबंध में कुछ शिकायतें प्राप्त हुई हैं;

(ड.)स्टील अथॉरिटी को टेन्डर ऊंची दर उद्धृत करने वाली पार्टी को दिए जाने के कारण कुल तिना अतिरिक्त धन खर्च करना पड़ेगा?

इस्पात मंत्रालय के राज्य मंत्री (**श्री संतोष मोहन देव**) : (क) और (ख) जी, हां। वर्ष 1995 के दौरान "सेल" द्वारा बोकारों इस्पात संयंत्र (बी0एस0एल0) और राउकेला इस्पात संयंत्र (आर0एस0पी0) हेतु लदाई और उतराई के लिए निविदाएं आमंत्रित की गई थीं। उनका ब्यौरा विवरण-I और II में दिया गया हैं। (**नीचे देखिए**)

(ग)जी, नहीं।

(घ) और (ड.) उपर्युक्त (ग)को मद्देनजर रखते हुए प्रश्न नहीं उठता।

विवरण –I

बोकारों इस्पात संयंत्र

	विवरण	**दर**
1.	**कोयले का लदान तथा निम्नलिखित स्थानों से सड़क मार्ग द्वारा ढुलाई**	
	(i)काथरा धोवनशाला/जारीमडीह साईडिंग तथा बोकारो इस्पात संयंत्र के अन्दर उसकी उतराई	25.50 प्रति एम0 टी0